# नवजात शिशु जांचः एक स्वस्थ शुरुआत से मिलता है ज्यादा स्वस्थ जीवन

## सर्वोत्तम शुरुआत

एक नए अथवा प्रत्याशित माता–पिता के तौर पर, आपके शिशु का स्वास्थ्य आपके लिए महत्वपूर्ण है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि आपके शिशु को जीवन की सर्वोत्तम शुरुआत मिले और वह स्वस्थ रहे, आपके नवजात शिशु की – और ओन्टेरियो में अन्य सभी नवजात शिशुओं की – कम से कम 27 ऐसे विकारों के लिए जांच की जाएगी, जो बहुत कम पाये जाते हैं।

यद्यपि इन विकारों से युक्त अधिकांश शिशु जन्म के समय स्वस्थ दिखाई देते हैं, किंतु यदि उनके विकार को पहचान कर उसका उपचार न किया जाए, तो उन्हें गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा हो सकता है, जिनमें विकास न हो पाना, बार–बार बीमार पड़ना और यहां तक कि मृत्यु भी शामिल हैं। प्रभावी उपचार की कुंजी है – शुरू में ही विकार का पता लगा लेना।

## शुरू में ही विकार का पता चल जाने से उपचार जल्दी हो जाता है।

अकेले तौर पर, ये विकार बहुत ही विरल हैं। सामूहिक तौर पर, प्रतिवर्ष ओन्टरियो में जन्म लेने वाले लगभग 130,000 शिशुओं में से करीब 50 शिशु इनसे प्रभावित होंगे। नवजात शिशुओं के शुरुआती दिनों में ही उनकी जांच कर लेने से रोगों का जल्दी उपचार किया जा सकता है, और, इस प्रकार उनके बाद के जीवन में गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा कम किया जा सकता है।

यह पैम्फ़लेट आपको ओन्टेरियो नवजात शिशु जांच कार्यक्रम के बारे में जानकारियां देगा, जिसे वर्ष 2006 में आरंभ किया जाएगा। साथ ही इसमें आपके उन प्रश्नों के उत्तर भी मिलेंगे, जो आपके मन में नवजात शिशुओं के इस जांच परीक्षण के बारे में हो सकते हैं।

## छोटा सा टेस्ट और लाभ बड़े

इस स्क्रीनिंग टेस्ट को करने के लिए, आपके शिशु की एड़ी को छेदकर रक्त का एक छोटा सा नमूना लिया जाता है। यह रक्त एक विशेष पेपर कार्ड पर लिया जाता है और फिर उसे परीक्षण या जांच के लिए न्यूबॉर्न स्क्रीनिंग प्रोग्रैम लेबोरेटरी भेज दिया जाता है।

रक्त के नमूने आपके शिशु के जन्म के बाद प्रथम दिन (24 घंटे) और सात दिनों के बीच कभी भी लिए जा सकते हैं। रक्त का नमूना लेने का सबसे अच्छा समय तब होता है, जब आपके शिशु की उम्र दो दिन (48 घंटे) और तीन दिन (72 घंटे) के बीच होती है। यदि आपके शिशु की जांच एक दिन (24 घंटे) की उम्र से पहले की जाती है, तो आपके स्वास्थ्य देखभालकर्ता को यह जांच पांच दिनों के भीतर, शिशु के प्रथम चैकअप पर **फिर से करनी** चाहिए।

## जांच के परिणामः अधिक खतरा और कम खतरा।

स्क्रीनिंग टेस्ट या जांच से केवल यही पता चलता है कि आपके शिशु को किसी विकार का अधिक खतरा है या कम। यह समझना महत्वपूर्ण है कि इस टैस्ट से किसी विकार का निदान नहीं होता, बल्कि केवल यही पता चलता है कि किन शिशुओं की आगे जांच किए जाने की आवश्यकता है।

जब न्यूबॉर्न स्क्रीनिंग प्रोग्रैम लेबोरेटरी आपके शिशु का रक्त नमूना लेकर उसका विश्लेषण कर लेगी, तो निम्नलिखित में से एक बात होगीः

1. आपके शिशु का जांच परिणाम सभी विकारों की दृष्टि से नकारात्मक निकले। दि न्यूबॉर्न स्क्रीनिंग लेबोरेटरी आपके अस्पताल और/अथवा स्वास्थ्य देखभालकर्ता को डाक द्वारा  रिपोर्ट भेज देगी। इस रिपोर्ट को आपके शिशु के मेडिकल रिकार्डों के साथ नत्थी कर दिया जाएगा।

Ontario

Catalogue No. CIB-6144456 Mar/06 © Queen's Printer for Ontario HINDI

आपके शिशु का जांच परिणाम सभी विकारों की दृष्टि से नकारात्मक निकले। दि न्यूबॉर्न स्क्रीनिंग लेबोरेटरी आपके अस्पताल और/अथवा स्वास्थ्य देखभालकर्ता को डाक द्वारा रिपोर्ट भेज देगी। इस रिपोर्ट को आपके शिशु के मेडिकल रिकार्डों के साथ नत्थी कर दिया जाएगा।

जिन शिशुओं की जांच की जाएगी, उनमें से 99% से अधिक को "जांच नकारात्मक" परिणाम मिलेगा। इसका अर्थ यह है कि आपके शिशु को इन बहुत कम पाये जाने वाले विकारों में से कोई एक होने का खतरा अत्यंत कम है। बहुत ही कम मौकों पर, नवजात शिशु जांच टेस्ट में, इन विकारों में से किसी विकार वाले शिशु के मामले में चूक हो सकती है।

2. दि न्यूबॉर्न स्क्रीनिंग लेबोरेटरी को एक और रक्त नमूने की आवश्यकता हो सकती है। यह हो सकता है कि पहला नमूना ठीक से नहीं लिया गया हो, जांच पूरी करने के लिए पर्याप्त रक्त नहीं था, अथवा नमूने के साथ कोई दूसरी समस्या थी। ऐसी दशा में, आपके शिशु का स्वास्थ्य देखभालकर्ता आप से संपर्क करेगा और जल्दी से जल्दी दूसरा रक्त नमूना लेने की व्यवस्था करेगा।

3. किसी एक विकार के लिए आपके शिशु का जांच परिणाम सकारात्मक आ जाए। सकारात्मक जांच परिणाम का **अर्थ यह नहीं है** कि आपके शिशु को कोई विकार है ही, बल्कि इसका अर्थ इतना ही है कि आगे जांच की आवश्यकता है। आपके शिशु का स्वास्थ्य देखभालकर्ता तुरंत आप से संपर्क करेगा और किसी ऐसे अस्पताल में आगे की जांच के लिए व्यवस्था करेगा, जहां विशेषज्ञ और जांच कर सकें। यदि निदान में किसी विकार की पुष्टि होती है, तो अस्पताल आपके शिशु का उपचार करेगा और आपके परिवार को काउंसलिंग व सलाह प्रदान करेगा।

दि न्यूबॉर्न स्क्रीनिंग लेबोरेटरी आपके अस्पताल और/स्वास्थ्य देखभालकर्ता को भी डाक द्वारा रिपोर्ट जारी करती है, जिसे आपके शिशु के मेडिकल रिकार्डों के साथ नत्थी कर दिया जाएगा।

यह याद रखना महत्वपूर्ण है कि जांच किए जाने वाले 1% से भी कम शिशुओं को "जांच सकारात्मक" परिणाम मिलेगा।

## यह परीक्षण क्या पता लगाने के लिए किया जाता है?

ओन्टेरियो नवजात शिशु जांच कार्यक्रम के लिए की जाने वाली टेस्टिंग कम से कम 27 ऐसे विरल विकारों का पता लगाने के लिए की जाती है, जिनसे शिशुओं और बच्चों में स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

**ये विकार इस प्रकार हैं:**

**चयापचय संबंधी (मैटाबोलिक) विकार (Metabolic disorders):** जब शरीर भोजन में मौजूद कुछ विशेष पदार्थों, जैसे कि वसा, प्रोटीन अथवा शर्करा को तोड़ने में समर्थ न हो, तो ये पदार्थ शरीर में एकत्र होकर गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा कर सकते हैं।

**अंतःस्रावी विकार (Endocrine disorders):** अंतःस्रावी तंत्र, जो हारमोन उत्पन्न करने के लिए जिम्मेवार है, कभी–कभी कुछ हारमोनों को अत्यधिक अथवा बहुत ही कम मात्रा में उत्पन्न कर सकता है, जिससे बीमारी हो सकती है या विकास रुक सकता है।

**रक्त विकार (Blood disorders):** शरीर में ऑक्सीजन लाल रक्त कोशिकाओं में पाये जाने वाले हीमोग्लोबिन के माध्यम से पहुंचायी जाती है। यदि हीमोग्लोबिन न बने या ठीक से काम न कर रहा हो, तो लाल रक्त कोशिकाएं टूट जाती हैं, जिससे गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं पैदा होती हैं। इन समस्याओं में प्रचंड एनीमिया (खून की कमी) और गंभीर संक्रमण भी शामिल हैं।

## क्या आप और अधिक जानना चाहते हैं?

ओन्टेरियो नवजात शिशु जांच कार्यक्रम के बारे में अधिक जानकारी के लिए अपने डॉक्टर या मिडवाइफ़ से बात करें। 1-866-532-3161 (TTY 1-800-387-5559) पर टेलीफोन करें, या फिर इस वेबसाइट पर जाएं: www.health.gov.on.ca/newbornscreening